प्रादेशिक समाचार

04.03.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड विधानसभा बजट सत्र में आज सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई तीखी बहस, सत्ता पक्ष ने बजट को बताया जनहितैषी, विपक्ष ने शिक्षा व्यवस्था पर उठाए सवाल।

2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की आर्थिक वृद्धि में एमएसएमई क्षेत्र की परिवर्तनकारी भूमिका पर चर्चा की, कहा– सरकार आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण के साथ काम कर रही है।

3. झामुमो के 52वें स्थापना दिवस को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गिरिडीह में हुए शामिल, सांस्कृतिक कार्यक्रमों का हुआ भव्य आयोजन।

4. झारखंड में मौसम का उतार चढ़ाव जारी, अगले 3 दिनों में 2 से 4 डिग्री तक गिरावट की संभावना।

5. आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी सेमीफाइनल में आज ऑस्ट्रेलिया ने भारत के खिलाफ 264 रन बनाए, भारत की ओर से मोहम्मद शमी ने चटकाए तीन विकेट।

******************

झारखंड विधानसभा बजट सत्र के दौरान आज सत्तापक्ष और विपक्ष के बीच तीखी बहस हुई। भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर, शिक्षा और स्वास्थ्य पर ध्यान नहीं दिया गया है। वहीं भाजपा विधायक नीरा यादव ने राज्य में 80 प्रतिशत बच्चों के सरकारी स्कूलों में पढ़ने के दावे पर सवाल उठाया।

विपक्ष के सवालों पर सत्ता पक्ष ने पलटवार करते हुए बजट को जनहितैषी बताया। मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने बजट को राज्य के विकास के लिए महत्वपूर्ण बताया।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार ने आत्मनिर्भर भारत की परिकल्पना के साथ काम करते हुए सुधारों की गति तेज कर दी है। उन्होंने कहा कि देश ने पिछले 10 वर्षों में सुधारों, वित्तीय अनुशासन, पारदर्शिता और समावेशी विकास की प्रतिबद्धता लगातार प्रदर्शित की है। अर्थव्यवस्था में सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई के महत्व के बारे में श्री मोदी ने कहा कि यह देश की आर्थिक वृद्धि में परिवर्तनकारी भूमिका निभाते हैं।

प्रधानमंत्री ने आज विकास के संचालक के रूप में एमएसएमई, विनिर्माण, निर्यात और परमाणु ऊर्जा मिशन; नियामक, निवेश और व्यापार में सुगमता के सुधारों पर आयोजित बजट के बाद के वेबिनार को संबोधित किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि विकास के लिए स्थिर नीति और अच्छा कारोबारी वातावरण महत्वपूर्ण है।

******************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन आज गिरिडीह में झामुमो के 52वें स्थापना दिवस के तहत आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ और कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

इधर हजारीबाग जिले में 4 अप्रैल को होने वाले झामुमो स्थापना दिवस को लेकर केंद्रीय सचिव सह जिला संयोजक संजीव बेदिया की अध्यक्षता में बैठक आयोजित हुई। मौके पर संजीव बेदिया ने कार्यकर्ताओं से इस आयोजन को सफल बनाने का आह्वान किया।

******************

केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने कहा है कि आज देशभर में करीब दस लाख 40 हजार महिलाएं पंचायती राज संस्थाओं से जुड़ी हैं। वे आज नई दिल्ली में निर्वाचित महिला प्रतिनिधियों के राष्ट्रीय सम्मेलन में सशक्त पंचायत–नेत्री अभियान के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

महिला और बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने इस बात पर जोर दिया कि महिलाओं के नेतृत्व में विकास, समाज में सकारात्मक बदलाव के साथ–साथ आर्थिक विकास भी लाता है।

******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के जामनगर में वन्यजीव बचाव और संरक्षण केंद्र 'वनतारा' का उद्घाटन किया। वनतारा सेंटर 2,000 से अधिक प्रजातियों और डेढ़ लाख से अधिक बचाए गए जानवरों का आश्रय स्थल है।

******************

मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी मुख्य निर्वाचन अधिकारियों, जिला निर्वाचन अधिकारियों और बूथ स्तर के अधिकारियों को सभी वैधानिक दायित्वों को पारदर्शिता और लगन से पूरा करने का आह्वान किया है। श्री ज्ञानेश कुमार नई दिल्ली में आज सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के दो दिवसीय सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को राजनीतिक दलों के प्रति सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश दिया।

******************

देवघर में छह मार्च से शुरू हो रहे तीन दिवसीय राजकीय बैद्यनाथ महोत्सव में मिनी भारत की झलक देखने को मिलेगी।

******************

<u>संक्षिप्त खबरें–</u>

- महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा पोषण पहेली के तहत पोषण जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। पहेली में दिए गए अक्षरों को सही क्रम में लगाने की चुनौती दी गई, जिससे पोषण ज्ञान बढ़ाया जा सके।
- राज्य भर में नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में पश्चिमी सिंहभूम पुलिस और सीआरपीएफ ने टोन्टो थाना क्षेत्र के हुसिपी वन क्षेत्र में नक्सल डंप से भारी मात्रा में हथियार, कारतूस और विस्फोटक बरामद कर नष्ट किया गया। सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के लिए लगाए गए विस्फोटक भी निष्क्रिय किए गए। अभियान लगातार जारी है।
- भारत आदिवासी पार्टी ने जमशेदपुर में पेसा कानून लागू करने और विस्थापितों के मुआवजे की मांग पर धरना दिया। महासचिव कृष्ण हांसदा ने समाधान नहीं होने पर राज्यपाल को ज्ञापन देने और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी।

******************

पिछले 24 घंटों में झारखंड का मौसम शुष्क रहा। सबसे अधिक तापमान 36 दशमलव 7 डिग्री सरायकेला में रिकॉर्ड किया गई जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान गुमला में 9 दशमलव 5 डिग्री सेल्सियस रहा। रांची मौसम केंद्र ने जानकारी दी है कि आने वाले 3 दिनों में झारखंड के अधिकतम तापमान में 2 से 4 डिग्री तक की गिरावट आने की संभावना है।

******************

दुबई में चैपियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 265 रन का लक्ष्य दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 50वें ओवर में 264 रन पर सिमट गई। स्टिव स्मिथ 73 और एलेक्सर कैरी 61 रन बनाकर आउट हुए। मोहम्मद शमी ने तीन, रविन्द्र  जडेजा और वरूण चक्रवर्ती ने दो–दो और हार्दिक पाण्ड्या तथा अक्षर पटेल ने एक–एक विकेट लिये।

कल दूसरे सेमीफाइनल में लाहौर में न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। फाइनल मैच रविवार को खेला जाएगा।

********समाप्त*******